सर्वोच्च प्राथमिकता/समयबद्ध/द्वारा ईमेल

# उत्तर प्रदेश पुलिस कम्प्यूटर केन्द्र, लखनऊ

7वॉं तल, टावर-4, पुलिस मुख्यालय, अमर शहीद पथ , गोमतीनगर विस्तार, लखनऊ – 226002 e-mail : tshq@up.nic.in

पत्र सं0: टीएससी-25/2021/9592 दिनांकः जनवरी 19 ,2023

सेवा में,

समस्त विभागाध्यक्ष, पुलिस विभाग, उत्तर प्रदेश ।
समस्त कार्यालयाध्यक्ष, पुलिस विभाग, उत्तर प्रदेश ।

कृपया इस पत्र के साथ संलग्न सदस्य, उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड, लखनऊ के पत्र दिनांकित 11 जनवरी, 2023 का संदर्भ ग्रहण करने की कृपा करें जिसके माध्यम से कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड-ए से कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड-बी के पद पर चयन वर्ष 2021 के अंतर्गत उपलब्ध 1009 रिक्तियों के सापेक्ष पात्र 563 कार्मिकों के संबंध में निर्धारित प्रारूप में सूचना हार्ड कापी/साफ्ट कापी में अविलम्ब उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड, लखनऊ को उपलब्ध कराये जाने की अपेक्षा की गयी है ।

उक्त सम्बन्ध में कृपया पत्र के साथ संलग्न प्रारूप में दिये गए निर्देशानुसार आपके अधीनस्थ जनपद/इकाई में नियुक्त वर्ष 2014 बैच के भर्ती/पात्र, दिनांकः 22.07.2022 को जारी की गयी अन्तिम वरिष्ठता सूची के क्रमांक 01 से 563 तक कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड-ए की सूचना, ज्येष्ठता क्रम में MS EXCEL में Times New Roman फॉन्ट में तैयार कराकर मय प्रमाण पत्र के **हार्ड कापी डाक के माध्यम से एवं साफ्ट कॉपी ई-मेल आई0डी0 tshq@nic.in पर विषय "कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड-ए से ग्रेड-बी पर पदोन्नति"** अंकित करते हुए **दिनांक 23.01.2023** तक प्रत्येक दशा में इस मुख्यालय को प्रेषित करने की कृपा करें।

**संलग्नकः**

1. सदस्य, उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड का पत्र दिनांक 11.01.2023 ।
2. प्रारूप (MS EXCEL) ।
3. प्रमाण पत्र ।

19/1/2023

( शहाब रशीद खॉं )
पुलिस अधीक्षक/सहायक निदेशक,
उ0प्र0 पुलिस कम्प्यूटर केन्द्र,
लखनऊ ।

**प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-**

1. अपर पुलिस महानिदेशक, स्थापना, मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2. अपर पुलिस महानिदेशक, तकनीकी सेवाएं, मुख्यालय को सादर सूचनार्थ प्रेषित ।
3. सदस्य, उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड, लखनऊ को उनके पत्र दिनांकः 11.01.2023 के सन्दर्भ में सूचनार्थ प्रेषित।
4. प्रभारी वेबसाइट, उ0प्र0 पुलिस कम्प्यूटर को इस निर्देश के साथ कि उक्त पत्र मय संलग्नक के तकनीकी सेवाएँ, मुख्यालय के अन्तर्गत उ0प्र0 पुलिस की वेबसाइट पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।
5. श्री संजय चौरसिया, सहायक प्रोग्रामर, उ0प्र0 पुलिस कम्प्यूटर केन्द्र को इस निर्देश के साथ कि श्री नवीन द्विवेदी, कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड-ए के सहयोग से समस्त सूचनाएं संकलित करते हुए समय से उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा दिये गये निर्देशानुसार उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।
6. सम्बन्धित जनपदीय कॉर्डिनेटर को इस निर्देश के साथ कि अपने जनपद के प्रधान लिपिक/चरित्रपंजिका लिपिक से समन्वय स्थापित करके अपने जनपद से सम्बन्धित कर्मियों की सूचना दिये गये निर्देशानुसार तैयार कराकर इस मुख्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

Scanned with OKEN Scanner

**सर्वोच्च प्राथकिता / समयबद्ध / द्वारा फैक्स**

उत्तर प्रदेश सरकार
**उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड**
19सी, तुलसी गंगा कॉम्पलेक्स, विधानसभा मार्ग,
लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226001
दूरभाष/फैक्स223-0522 :5752 फैक्स2235806-0522 -
Web-www.uppbpb.gov.in

संख्या : पीआरपीबी–चार–15(15) / 2022 दिनांक : जनवरी 11, 2023

सेवा में,

अपर पुलिस महानिदेशक, तकनीकी सेवायें,
उ0प्र0 लखनऊ।

विषय : उत्तर प्रदेश पुलिस कम्प्यूटर केन्द्र लखनऊ में उ0प्र0 पुलिस कम्प्यूटर कर्मचारी वर्ग (अराजपत्रित) सेवा नियमावली–2011 के अनुसार कम्प्यूटर आपरेटर–ग्रेड–ए से कम्प्यूटर ऑपरेटर–ग्रेड–बी के पद पर चयन के सम्बन्ध में।

-----

कृपया अध्यक्ष, उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड, लखनऊ को सम्बोधित एवं आपको पृष्ठांकित पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 लखनऊ के पत्र संख्याः अठारह–अधियाचन (क0आ0 ग्रेड–ए–बी)–2022, दिनांक 02–01–2023 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड–ए से कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड–बी के पद पर चयन वर्ष–2021 के रिक्त 1009 पदों का अधियाचन तथा अधियाचित पदों के सापेक्ष चयन के सम्बन्ध में 563 कार्मिकों की पात्रता सूची अग्रेतर कार्यवाही हेतु बोर्ड को उपलब्ध कराया गया है।

2– उल्लेखनीय है कि संगत सेवा नियमावली के नियम–17 में कम्प्यूटर ऑपरेटर ग्रेड–बी के पद पर चयन हेतु प्रकिया निम्नवत दी गयी है :–

(1) कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड–ए से कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड–बी के पद पर प्रोन्नति **उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड, लखनऊ द्वारा गठित समिति के माध्यम से आयोजित विभागीय परीक्षा के आधार पर की जायेगी।**

(2) लिखित परीक्षा वस्तुनिष्ठ प्रकार की होगी। यह कुल 200 अंक की होगी। लिखित परीक्षा का प्रश्न पत्र सामान्य ज्ञान, मानसिक सामर्थ्य, तर्क शक्ति एवं कम्प्यूटर विज्ञान से सम्बन्धित होगा। प्रश्न पत्र का स्तर कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड–ए हेतु न्यूनतम अपेक्षित शैक्षिक योग्यता के अनुसार होगा।

(3) लिखित परीक्षा में न्यूनतम चालीस प्रतिशत अंक प्राप्त करना आवश्यक है। ऐसे अभ्यर्थी जो 40 प्रतिशत अंक प्राप्त करने में विफल रहते है, पदोन्नति के लिए पात्र नहीं होंगे।

(4) सेवा अभिलेख के 50 अंक होंगे जो अभ्यर्थियों को सेवा अभिलेखों के आधार पर अंक निम्नवत प्रदान किये जायेंगे–

(क) सेवा की कालावधि के लिए अधिकतम 10 अंक होंगे। (अधिकतम अंक 10)

(ख) स्नातक अथवा उससे ऊपर की शैक्षिक योग्यता के लिए अधिकतम 05 अंक एवं शैक्षिक अर्हता के अतिरिक्त तकनीकी कम्प्यूटर कोर्स हेतु 05 अंक (अधिकतम अंक 10)

(ग) अधिकतम 15 अंकों के अधीन प्रत्येक प्रशिक्षण (तीन दिवस या अधिक अवधि का) के 03 अंक (अधिकतम अंक 15)

(घ) वार्षिक प्रविष्टि के लिए 15 अंक होंगे। (अधिकतम अंक 15)

Scanned with OKEN Scanner

प्रत्येक वृहद दण्ड के लिए 03 अंक प्रत्येक लघुदण्ड के लिए 02 अंक और प्रत्येक प्रतिकूल प्रविष्टि और सूक्ष्म दण्ड के लिए 01 अंक काट लिया जायेगा। इस प्रयोजन हेतु पिछले दस वर्षों की सेवा अभिलेख पर विचार किया जायेगा।

सेवा अभिलेखों का परीक्षण इस दृष्टिकोण से भी किया जायेगा कि क्या अभ्यर्थी को कोई ऐसा दण्ड दिया गया है जो उसे पदोन्नति के लिए अनुपयुक्त ठहराता हो। **कोई अभ्यर्थी जिसकी सत्यनिष्ठा गत पांच वर्षों में एक बार भी रोकी गयी हो पदोन्नति के लिए पात्र न होगा।**

3– उपर्युक्त वर्णित प्रावधानानुसार चयन वर्ष–2021 के अन्तर्गत उपलब्ध 1009 रिक्तियों के सापेक्ष पात्र 563 कार्मिको के सम्बन्ध में निर्धारित प्रारूप में सूचना हार्ड कॉपी/साफ्ट कॉपी में अतिशीघ्र बोर्ड को उपलब्ध कराने का कष्ट करें ताकि कम्प्यूटर ऑपरेटर ग्रेड–ए से कम्प्यूटर ऑपरेटर ग्रेड–बी के पद पर चयन से सम्बन्धी अग्रेतर कार्यवाही सम्पादित की जा सके।

संलग्नकः यथोपरि।

11.1.

सदस्य,
उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,
लखनऊ।

प्रतिलिपि : अपर पुलिस महानिदेशक, स्थापना, मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 को उपरोक्त सन्दर्भ में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

Scanned with OKEN Scanner

**कम्प्यूटर ऑपरेटर ग्रेड-ए से कम्प्यूटर ऑपरेटर ग्रेड-बी के पद पर चयन वर्ष 2021(01.07.2021 से 30.06.2022 तक) कुल 1009 रिक्तियों के सापेक्ष चयन के सम्बन्ध में कम्प्यूटर ऑपरेटर ग्रेड-ए का विवरण**

| क्र0सं0 | पात्रता क्रमांक | पी0एन0ओ0 | पदनाम | कर्मी का नाम | पिता का नाम | वर्तमान नियुक्ति स्थान | जन्म तिथि | नियुक्ति की तिथि | दिनांक 01.07.2021 को कुल सेवा | | | विगत 05 वर्षों की अवधि में सत्यनिष्ठा रोकी गयी हो तो उसका वर्ष | मोबाइल नम्बर | ई-मेल | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | वर्ष | माह | दिन | | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 |
| | | | | | | | | | | | | | | | |

**कार्यालयाध्यक्ष के हस्ताक्षर**
**नाम / पदनाम सहित**

**प्रविष्टि करने हेतु महत्वपूर्ण निर्देश-**

1. उक्त सूचना TIMES NEW ROMAN FONT में ही तैयार की जाए।
2. एक लाइन में एक ही अभ्यर्थी की सूचना अंकित की जाए। Lines/Cells को Merge न किया जाए।
3. दिनांक DD-MM-YYYY के फार्मेट में अंकित किया जाए।
4. एक से अधिक कर्मियों का विवरण एक ही शीट में नीचे अंकित किया जाए, अलग से शीट न बनायी जाए।

Scanned with OKEN Scanner

# प्रमाण-पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि ..........................................................(जनपद/इकाई का नाम) में नियुक्त ....................(संख्या) कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड-ए (अन्तिम वरिष्ठता सूची क्रमांक 01 से 563 तक) का विवरण निर्धारित प्रारूप में MS EXCEL में सही-सही तैयार करते हुए प्रेषित की जा रही है। इनके अतिरिक्त अन्य कोई पात्र कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड-ए की सूचना भेजा जाना शेष नहीं है।

**(जनपदीय/इकाई प्रभारी)**

हस्ताक्षर दि0 सहित-

मुहर-

Scanned with OKEN Scanner